# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

संवेदक JDM Engineering & Construction Pvt. Ltd. के निदेशक चक्रधर चौधरी पता–मजिस्ट्रेट कॉलोनी, खजपुरा, पटना, बिहार, को विभागीय सकारण आदेश संख्या–2525 दिनांक 26.07.2024 द्वारा 03 (तीन) वर्ष के लिए किये गये कालीकृत आदेश के विरूद्ध समर्पित अपील अभ्यावेदन दिनांक 12.08.2024 के सापेक्ष सुनवाई के संबंध में।

03/12/2024

## आदेश

संवेदक JDM Engineering & Construction Pvt. Ltd. के निदेशक चक्रधर चौधरी, पता–मजिस्ट्रेट कॉलोनी, खजपुरा, पटना एवं कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खगड़िया उपस्थित।

संवेदक JDM Engineering & Construction Pvt. Ltd. के निदेशक चक्रधर चौधरी, पता–मजिस्ट्रेट कॉलोनी, खजपुरा, पटना को कार्य प्रमंडल, खगड़िया के अधीन योजनाशीर्ष MMGSY NDB-BRICKS अन्तर्गत (1) Const & Maint- of Khagaria Bakhari PWD Path & Const of Proposed H.L RCC Bridge on Khargi Tirasi Ghat To Tirasi Tola एवं (2) Const & Maint. of Bakhari PWD Path to Chakkipar & Const of Proposed H-L RCC Bridge on Budhi Gandak River in Khagaria District तक पुल तथा एप्रोच पथ का निर्माण कार्य आवंटित था। जिसका क्रमशः एकरारनामा संख्या–04 SBD/2022&23 एवं 05SBD/2022–23 था। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि–11.10.2022 एवं कार्य समाप्ति की तिथि–10.04.2024 थी। उक्त पुल तथा एप्रोच पथ का निर्माण कार्य संवेदक की उदासीनता के कारण अभी तक पूर्ण नहीं हो सका।

संदर्भित मामले में उक्त पुल तथा एप्रोच पथ का निर्माण कार्य पूर्ण किये जाने हेतु कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खगड़िया के पत्रांक–753 दिनांक–26.05.2023, पत्रांक–1562 दिनांक–14.11.2023, पत्रांक–97 दिनांक–12.01.2024 एवं पत्रांक–123 दिनांक–18.01.2024 द्वारा अनेकों बार स्मारित किया गया, फिर भी संवेदक द्वारा ससमय कार्य पूर्ण करने में रूची नहीं ली गई। फलस्वरूप संवेदक को कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खगड़िया के पत्रांक–135 दिनांक–23.01.2024 एवं पत्रांक–232 दिनांक 07.02.2024 द्वारा संदर्भित कार्य की अंतिम मापी हेतु स्थल पर उपस्थित रहने के लिए नोटिस निर्गत किया गया। संवेदक कार्य स्थल पर उपस्थित नहीं हुए, जिस कारण संवेदक की अनुपस्थिति में अंतिम मापी करायी गई।

एकरारनामा संख्या–04 SBD/2022–23 के अन्तर्गत पुल का निर्माण कार्य में मात्र A1, P1, P2, P3, एवं P4, तक ही कार्य किया गया, शेष कार्य संवेदक द्वारा शुरू भी नहीं किया गया। वर्क प्रोग्राम के अनुसार एकरारनामा संख्या– 05SBD/2022–23 के अन्तर्गत कार्य की प्रगति शून्य होने एवं एकरारनामा संख्या–04 SBD/2022–23 के अन्तर्गत लगभग 10 प्रतिशत का ही कार्य संवेदक द्वारा पूर्ण किये जाने के कारण कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खगड़िया के पत्रांक–1562 दिनांक 14.11.2023 द्वारा एकरारनामा विखंडन करने का नोटिस निर्गत किया गया।

जनहित में कार्य को लंबित रखने एवं संवेदक द्वारा अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं किये जाने के कारण कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खगड़िया के क्रमशः पत्रांक–246 दिनांक 12.02.2024 एवं पत्रांक–247 दिनांक– 12.02.2024 द्वारा SBD की कंडिका 52.2 (a), h के आलोक में एकरारनामा विखंडित करने की कार्रवाई करते हुए संवेदक को कालीकृत (Blacklist) करने की अनुशंसा की गयी।

तद्आलोक में सम्यक विचारोपरांत बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007, अधिसूचना सं0–8123 दिनांक–19.12.2007 के कंडिका 11(क) की उपकंडिका (vi) के आलोक में संवेदक JDM Engineering And Construction (Regd. No- 1200222) At C/O-Chakradhar Chaudhary, Mohalla-Magistrate Colony, Khajpura, Patna, Bihar-800014 को विभागीय **सकारण आदेश संख्या–2525 दिनांक 26.07.2024** द्वारा 03 (तीन) वर्ष के लिए कालीकृत ( Blacklist) किया गया। संवेदक द्वारा विभागीय सकारण आदेश के विरूद्ध यह अपील अभ्यावेदन समर्पित किया गया है।

संवेदक द्वारा अपने अपील अभ्यावेदन में प्रतिवेदित किया है कि " उक्त योजना के BOQ का पत्र समझ में नहीं आने के कारण त्रुटि हुई, परन्तु इस तथ्य को नहीं देखा गया एवं SBD की कंडिका 7.1 का उल्लेख करते हुए कार्रवाई की गयी है, जिसके आधार पर काली सूची के आदेश को रद्ध किये जाने हेतु अनुरोध किय गया है।"

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खगड़िया के पत्रांक 1870 अनु0 दिनांक 02.12.2024 द्वारा उपस्थित होकर अपने प्रतिवेदन के माध्यम से बताया गया कि उक्त कार्य के एकरारनामा अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 11.10.2022 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 10.04.2024 थी, परन्तु संवेदक द्वारा उक्त कार्य को पूर्ण किये जाने हेतु कोई रूचि नहीं लेने के कारण इन्हें कई पत्रों के माध्यम से संसूचित किया गया परन्तु इनका पक्ष अप्राप्त रहने के कारण संदर्भित पथ की अन्तिम मापी कराते हुए इनके एकरारनामा को विखंडित कर काली सूची में सम्मिलित किये जाने संबंधी अनुशंसा विभाग को की गयी थी। वर्त्तमान में संवेदक द्वारा कार्य स्थल (Site) पर रखी हुई टूल एवं प्लांट को कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खगड़िया को सूचित किये बगैर हटा लिया गया है एवं कार्य पूर्ण रूप से बन्द है।

अतएव वर्णित तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर सम्यक विचारोपरान्त संवेदक JDM Engineering And Construction (Regd. No- 1200222) At C/O-Chakradhar Chaudhary, Mohalla-Magistrate Colony, Khajpura, Patna से प्राप्त अपील अभ्यावेदन को अस्वीकृत करते हुए विभागीय **सकारण आदेश–2525 दिनांक 26.07.2024** द्वारा इन्हें 03 (तीन) वर्ष के लिए निर्गत कालीकृत (Blacklist) आदेश को यथावत रखते हुए वाद की कार्रवाई समाप्त की जाती है।

तदनुसार वाद निष्पादित।

(दीपक कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव

# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

निबंधित

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–01–34/2024 8191 /पटना, दिनांक 12/12/24

प्रतिलिपिः– संवेदक JDM Engineering And Construction (Regd. No- 1200222) At C/O-Chakradhar Chaudhary, Mohalla-Magistrate Colony, Khajpura, Patna, पिन कोड–800014 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 11/12/2024
(इफ्तेखार अहमद)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–01–34/2024 8191 /पटना, दिनांक– 12/12/24

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/ सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधान विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ नगर विकास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 11/12/2024
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–01–34/2024 8191 /पटना, दिनांक–12/12/24

प्रतिलिपि– सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 11/12/2024
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–01–34/2024 8191 /पटना, दिनांक– 12/12/24

प्रतिलिपि– नोडल पदाधिकारी (डीबार एवं काली सूची) ग्रामीण कार्य विभाग पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 11/12/2024
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–01–34/2024 8191 /पटना, दिनांक– 12/12/24

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना एवं अभियंता प्रमुख के निजी सहायक, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 11/12/2024
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–01–34/2024 8191 /पटना, दिनांक– 12/12/24

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 11/12/2024
सरकार के उप सचिव